
CG Board Class 10 Social Science Book Solutions



CG Board Class 10 Social Science Solutions
Chapter 17
विकास की समझ

Page No. 236

प्रश्न 1.आपके विचार में विकास क्या है और उसमें क्या-क्या शामिल किया जाना चाहिए?

उत्तर:- मेरे विचार से विकास का आशय है देश के सभी लोगों को जीवन की मूलभूत सुविधाओं के प्रति सुनिश्चित होना | जैसे सभी के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध होना चाहिए | राष्ट्रीय आय एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो |

Page No. 238

प्रश्न 2.ऊपर दिए गए चित्रों के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखें।

उत्तर:- चित्र 1- शीर्षक - अलग व्यक्ति विकास

चित्र 2 - शीर्षक- किसी का विकास किसी का विनाश

Page No. 238

प्रश्न 3.आपके गाँव/शहर के लिए कौन-कौन से विकास के लक्ष्य होने चाहिए और क्यों? कुछ उदाहरण देते हुए समझाइए।

उत्तर:- आपके गांव /शहर के विकास के लक्ष्य :-

1. गांव में विद्यालयों की स्थापना करना चाहिए ताकि सभी को शिक्षा की सुविधा प्राप्त हो सके|
2. गांव में स्वास्थ्य केंद्र हो ताकि सभी को चिकित्सा के लिए शहर ना जाना पड़े |
3. बाजार हेतु एक स्थाई जगह निश्चित होनी चाहिए |
4. सभी लोगों को आवास उपलब्ध होना चाहिए ताकि किसी को झोपड़ियों में ना रहना पड़े |
5. गांव में पक्के रास्ते और बिजली की सुविधाएं होना चाहिए |
6. गांव में पेयजल की सुविधा होनी चाहिए |

Page No. 238

प्रश्न 4.विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति को सार्वजनिक हित की श्रेणी में क्यों रखा जाता है। चर्चा करें।

उत्तर:-विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति को सार्वजनिक हित की श्रेणी में रखा जाता है, क्योंकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दो आधार पर दी जाती है या तो मेधावी छात्रों को या गरीब छात्रों

docs.aglasem.com

aglasem.com

को |मेधावी छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति का उद्देश्य है श्रेष्ठ छात्र की गुणवत्ता का विकास और उसे प्रोत्साहन देना | ताकि वह अपनी प्रतिभा को विकसित कर राज्य के विकास में योगदान दे सके |गरीब को छात्रवृत्ति इसलिए दी जाती है कि शिक्षा का उद्देश्य नागरिक गुणों का विकास करना है | यदि गरीब बच्चा आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाता है तो वह आगे चलकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान नहीं दे सकेगा | अतः विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को सार्वजनिक हित की श्रेणी में रखा जाता है |

Page No. 238

प्रश्न 5.आपके यहाँ सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा को बेहतर बनाने एवं सबके लिए उपलब्ध करवाने हेतु तीन सुझाव रखिए।

उत्तर:- सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को बेहतर बनाने एवं सब के लिए उपलब्ध कराने हेतु सुझाव :-

1. प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर एवं दवाइयां उपलब्ध होना चाहिए |
2. सभी ग्रामीण एवं शहरी शासकीय चिकित्सालयों में सभी दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए |
3. सभी स्वास्थ्य केंद्रों में रोगों के जांच केन्द्र की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए |

Page No. 238

प्रश्न 6.ओड़िशा राज्य में उद्योगों की स्थापना से क्या विरोधाभास उत्पन्न हो रहा है?

उत्तर:- ओड़िशा राज्य में उद्योग की स्थापना से विरोधाभास उत्पन्न हो रहा है | क्योंकि ओड़िशा में कोयला बॉक्साइट व लौह अयस्कों की अधिकता है | इस कारण राज्य में लगभग 45 इस्पात संयंत्र लगाए जाने की योजना है | इससे वहां के निवासियों को अपनी भूमि से विस्थापित होने का भय सता रहा है | विगत वर्षों में इस्पात संयंत्रों की स्थापना से उनकी सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन अधिग्रहित की जा चुकी है | बड़े पैमाने पर जंगल उजड़ चुके हैं और जल स्रोत सूख रहे हैं | इन उद्योग की स्थापना के खिलाफ लोगों ने बार-बार अपना विरोध दर्ज किया है | उनका तर्क है कि मुआवजे की राशि खर्च हो जाती है और बाद में उन्हें मजदूरी के लिए भटकना पड़ता है | साथ ही उनकी संस्कृति और जीवन शैली प्रभावी होती है| अतः हम कह सकते है कि ओड़िशा राज्य में उद्योगों की स्थापना से विरोधाभास उत्पन्न हो रहा है |

Page No. 239

प्रश्न 7.आपके मतानुसार सार्वजनिक हित को ध्यान रखते हुए इस उदाहरण में क्या कार्य किया जाना चाहिए?

उत्तर:-

docs.aglasem.com

aglasem.com



1. कारखानों के निर्माण में बंजर भूमि का उपयोग होना चाहिए।
2. कृषि भूमि का अधिग्रहण नहीं होना चाहिए।
3. उत्खनन वैज्ञानिक तकनीक से होना चाहिए।
4. उद्योगों में लोगों की जीविका की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए।
5. स्थानीय लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार एवं विकास के अवसर मिलने चाहिए।

Page No. 240

प्रश्न 8. कोई अन्य उदाहरण दें जहाँ इस प्रकार का विरोधाभास पैदा हुआ है?

उत्तर:- बस्तर में इस प्रकार का विरोधाभास पैदा हुआ।

Page No. 240

प्रश्न 9. क्या सार्वजनिक हित के नज़रिए से इनके हल ढूँढे जा सकते हैं? चर्चा करें।

उत्तर:- हां जनहित को ध्यान में रखकर इसका हल ढूँढे जा सकते हैं।

Page No. 240

प्रश्न 10. तालिका 17.1 के आधार पर बताइए कि लोग आय के अतिरिक्त और किन-किन चीज़ों को अपने लिए आवश्यक मानते हैं -

उत्तर:-

docs.aglasem.com

aglasem.com


क्रमांक	विभिन्न लोग	विकास के लक्ष्य / आकांक्षाएं
1	दिहाड़ी मजदूर	वर्ष भर काम बेहतर मजदूरी बच्चों के लिए शिक्षा
2	उद्योगपति	सस्ती कीमत पर कच्चे माल की उपलब्धता, सड़क, बिजली की व्यवस्था, शांतिपूर्ण वातावरण.
3	कॉलेज की छात्रा	शिक्षा के बेहतर अवसर, रोजगार के अवसर, लड़कों के समान स्वतंत्रता व सुरक्षा.
4	एक शिक्षित बेरोजगार जैसे इंजीनियर	रोजगार के अवसर, आवास की सुविधाएं
5	महिला खेत मजदूर	अच्छी मजदूरी, सुरक्षा, साल भर रोजगार, स्वास्थ्य सेवाएं,
6	आप स्वयं	----------
7	छोटा किसान	----------
8	शिक्षक	----------
9	गांव का सरपंच	----------

Page No. 242

प्रश्न 11.नीचे दिए गए पिरामिड में भारत में आय के आँकड़े दर्शाए गए हैं।इन्हें अपने शब्दों में समझाएँ।

उत्तर:- पिरामिड के आय के आंकड़े निम्नलिखित स्थिति प्रदर्शित करते हैं :-

aglasem
docs.aglasem.com
aglasem.com



चित्र 17.4

1. 17 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों की संख्या बहुत कम है अर्थात बहुत कम परिवारों के पास आय का अधिकांश हिस्सा जा रहा है|

2. 3.4लाख से 17 लाख वार्षिक आय वाले परिवारों की संख्या उच्च वर्ग से थोड़ी ज्यादा है लेकिन यह भाग भी कुल जनसंख्या का छोटा सा हिस्सा ही है|

3. 1.5 से 3.4 लाख के बीच की आय वाले परिवार लगभग कुल आबादी का 20 प्रतिशत है |
4. 1.5 लाख से कम आय वाले परिवारों में 60% से अधिक परिवार आ जाते हैं |

अर्थात आय का वितरण बहुत असमान है| अधिक से अधिक परिवार बहुत कम आय में अपना जीवन यापन कर रहे हैं |जबकि बहुत थोड़े से परिवार बहुत अधिक आय प्राप्त करते हैं|

Page No. 243

प्रश्न 12.छत्तीसगढ़ राज्य की प्रतिव्यक्ति आय वर्ष 2013-14 में 58,547 रूपये थी। इसकी तुलना अन्य राज्यों से करें।

उत्तर:- चयनित राज्यों की प्रति व्यक्ति आय चयनित

वर्ष 2013-14

राज्य	प्रति व्यक्ति आय

docs.aglasem.com

aglasem.com

महाराष्ट्र	₹1,14,392
केरल	₹1,03,220
बिहार	₹31,199
छत्तीसगढ़	₹58,547

छत्तीसगढ़ राज्य की प्रति व्यक्ति आय अन्य राज्यों से बहुत कम है इनकी प्रति व्यक्ति आय बिहार से अधिक है |

Page No. 243

प्रश्न 13.क्या आप अपने परिवार के प्रतिव्यक्ति आय का पता लगा सकते हैं?

उत्तर:- हां हम अपने परिवार के लिए प्रति व्यक्ति आय का पता लगा सकते हैं

जैसे मेरे पिता का वेतन प्रतिमाह ₹25000 है

मेरी मां का वेतन प्रतिमाह ₹20000

माता-पिता के अलावा परिवार में मेरी दादी और हम दो भाई बहन हैं|

अतः परिवार में कुल सदस्यों की संख्या 5 है |

परिवार की कुल मासिक आय 45000 / 5 = ₹9000

अतः प्रति व्यक्ति आय का मासिक आय ₹9000 है |

प्रति व्यक्ति वार्षिक आय = 9000x 12 = 108000

इस प्रकार परिवार का प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 108000 है |

Page No. 243

प्रश्न 14.आय के असमान वितरण का क्या असर पड़ता है? चर्चा करें।

उत्तर:- आय का असमान वितरण होने से देश की आय का बहुत बड़ा हिस्सा उच्च आय वर्ग के कम लोगों के पास चला जाता है | आय का कम हिस्सा अधिक लोगों के पास रह जाता है| इस कारण बहुत बड़े वर्ग को अपनी मूलभूत आवश्यकताएं पूरी कर पाना संभव नहीं होता है| तथा उच्च वर्ग के लोगों के पास बहुत अधिक अतिरिक्त आय रहता है | इसी का परिणाम है कि देश में आधी आबादी गरीब है | और 30 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हैं | इससे यह लोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवास सुविधाओं से वंचित हैं |

Page No. 243

प्रश्न 15.अपने आसपास के किन्हीं दो भिन्न परिवारों के प्रति माह व्यय का पता करें। इनमें यह अंतर क्यों है, समझाएँ।

docs.aglasem.com

aglasem.com

उत्तर:- राम के परिवार का प्रतिमाह व्यय:-

किराना खर्च	5000₹
पेट्रोल खर्च	2000₹
बच्चों की फीस	2000₹
फल और सब्जी	3000₹
अन्य खर्च	5000₹
बचत	10000₹
	27000₹

श्याम के परिवार का प्रतिमाह व्यय :-

किराना खर्च	10000₹
पेट्रोल खर्च	4000₹
बच्चों की फीस	5000₹
फल एवं सब्जी	10000₹
अन्य खर्च	10000₹
बचत	20000₹
	59000₹

राम एवं श्याम के परिवार की मासिक व्यय में यह अंतर इस कारण है की श्याम के परिवार कि मासिक आय राम के परिवार से अधिक है | अतः उनका रहन-सहन एवं खर्च राम के परिवार से उच्च है |

Page No. 244

प्रश्न 16. किन देशों में मानव विकास का स्तर बेहतर दिखाई दे रहा है?

उत्तर:- चीन और श्रीलंका में मानव विकास का स्तर बेहतर दिखाई दे रहा है |

Page No. 244

प्रश्न 17.पिछले 10 वर्षों में भारत की प्रतिव्यक्ति आय में लगातार वृद्धि हुई है जो नेपाल की तुलना में अधिक है। फिर भी मानव विकास सूचकों में बहुत अंतर दिखाई नहीं देता। चर्चा कीजिए।

उत्तर:- भारत में प्रति व्यक्ति आय में पिछले 10 वर्षों में अधिक वृद्धि हुई है | लेकिन भारत में आय का वितरण बहुत असमान है| उच्च वर्ग की आय में वृद्धि हुई जबकि भारत में आधे से अधिक

docs.aglasem.com

aglasem.com

जनसंख्या गरीब है | क्योंकि उच्च वर्ग की आय दिन प्रतिदिन बढ़ रही है |लेकिन गरीबों की आय नहीं बढ़ रही है | क्योंकि असमान वितरण के कारण गरीब को कोई लाभ नहीं हुआ है | इस कारण भारत मानव विकास सूचकांक में नेपाल के आसपास ही दिखाई देता है |

Page No. 244

प्रश्न 18.भारत में मानव विकास सूचकांक के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और क्या प्रयास किए जाने चाहिए?

उत्तर:- भारत में मानव विकास सूचकांक के लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयास :-

1. शिक्षा का स्तर बढ़ाना तथा सभी को शिक्षा की सुविधाएं सुनिश्चित करना|
2. निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए शिक्षा एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करना|
3. गरीब लोगों के लिए वर्षभर रोजगार प्रदान करना|
4. बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तक सब की पहुँच सुनिश्चित करना

Page No. 244

प्रश्न 19.क्रय शक्ति समता के आधार पर तुलना बेहतर क्यों है? इस तालिका को देखते हुए भारत और चीन की तुलना कीजिए।

देश	प्रति व्यक्ति आय
भारत नेपाल श्रीलंका चीन	5497 2311 9779 12547

उत्तर:- मान लीजिए कि एक व्यक्ति 100 डॉलर खर्च करके अमेरिका में कुछ वस्तुएं खरीदता है | जब वह भारत आता है तो उसी मात्रा में वस्तुओं को खरीदने के लिए उसे कितने पैसे खर्च करने होंगे |मान लीजिए उस व्यक्ति ने भारत में उसी समान के लिए ₹3500 खर्च किए यानी 1डॉलर ₹35 के बराबर हुआ | ऐसा करने से क्रय शक्ति बराबर रखी जा सकती है | आय की तुलना इसी अनुपात से की जाती है ताकि क्रय शक्ति की क्षमता बनी रहे |

अभ्यास:-

Page No. 246

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए -

docs.aglasem.com

aglasem.com

प्रश्न 1. मान लीजिए एक समूह में 5 परिवार हैं। इन परिवारों की प्रतिव्यक्ति औसत आय 4 हज़ार रुपए है। यदि अगले दो वर्षों में इन परिवारों की प्रतिव्यक्ति औसत आय 5 हज़ार हो जाती है तो हम कह सकते हैं कि -
अ. समूह का स्तर घटा है।
ब. सभी व्यक्तियों की आय निश्चित रूप से बड़ी है।
स. समूह का स्तर बेहतर हुआ है।
द. सभी व्यक्तियोंकी आय घटी है।
उत्तर - ब. सभी व्यक्तियों की आय निश्चित रूप से बड़ी है।

प्रश्न 2. सरकार द्वारा बिजली की सुविधा प्रदान की जाती है -
अ. अतिरिक्त बिजली का उपयोग करने के लिए।
ब. पैसे कमाने के लिए।
स. सार्वजनिक हित के लिए।
द. सरकारी कार्यालयों के लिए
उत्तर - स. सार्वजनिक हित के लिए।

Page No. 247

प्रश्न 2. विकास को मापने के प्रमुख संकेतक कौन-कौन से हैं?
उत्तर - विकास को मापने के प्रमुख संकेतक हैं आय प्रति व्यक्ति, राष्ट्रीय एवं मासिक स्वास्थ्य शिक्षा, सार्वजनिक सुविधाएं, वस्तु एवं क्रय क्षमता स्वच्छ पर्यावरण आदि।

Page No. 247

प्रश्न 3. भारत की प्रतिव्यक्ति आय नेपाल से अधिक होते हुए भी मानव विकास सूचकों में लगभग बराबर होना क्या दर्शाता है?
उत्तर - भारत की प्रति व्यक्ति आय नेपाल से अधिक है फिर भी मानव विकास सूचकों नेपाल से बराबर है यह निम्नलिखित स्थितियों को दर्शाता है :-

1. प्रति व्यक्ति आय किसी देश की समग्र आय का आंकड़ा है। और कुल आय का वितरण असमान है। अर्थात कुल जनसंख्या का एक छोटा सा हिस्सा बहुत अधिक आय प्राप्त करता है। जबकि देश की बाकी जनसंख्या उसमें से थोड़ा हिस्सा प्राप्त करती है।
2. नेपाल भारत की अपेक्षा एक बहुत छोटा देश है अतः वहां आय का वितरण समान रूप से होता है अर्थात उतनी असमानता नहीं है।
3. नेपाल की आबादी भारत से कई गुना कम है जबकि भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं।
4. अतः इन सभी चीजों का औसत निकाला जाता है तो भारत नेपाल के आस पास ही रहता है।

docs.aglasem.com
aglasem.com

Page No. 247

प्रश्न 4. भारत को कैसे विकसित किया जा सकता है? एक लेख लिखिए।

उत्तर :- भारत एक विकासशील देश है भारत को विकसित करने हेतु सबसे पहले भारत से भ्रष्टाचार को मिटाना होगा | दूसरा सभी के लिए उचित शिक्षा की व्यवस्था करके अशिक्षा को मिटाना होगा | उचित शिक्षा से राष्ट्रीय आय में वृद्धि होगी और आय का उचित वितरण होगा | प्राकृतिक संसाधनों एवं राष्ट्रीय आय का समान वितरण एवं ग्रामीण विकास एवं कृषि विकास कार्यक्रमों को पूरी ईमानदारी से लागू करना होगा | विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में विकास करना होगा | उसके अलावा इस बात पर ध्यान देना होगा कि किसी भी देश का विकसित होना केवल सरकार के कार्यक्रमों एवं नीतियों से संभव नहीं है| इसके लिए देश के हर नागरिकों को पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को पूरा करना होगा तभी हमारा देश विकसित बन सकता है |

Page No. 247

प्रश्न 5. आपके क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही विकास परियोजनाओं में क्या संभावनाएँ दिखती हैं? क्या कोई विरोधाभास दिखाई देता है, संक्षिप्त में समझाइए।

उत्तर:- हमारे क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं है| हमारे क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं में अनेक समानताएं दिखाई देती है | सड़क निर्माण स्वच्छता जलापूर्ति, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की योजनाएं बनाई जा रही है | इससे क्षेत्र में पर्याप्त विकास संभव है | इसमें विरोधाभाष दिखाई देता है कि जनता का पर्याप्त सहयोग नहीं मिल पाना किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए जन सहयोग की आवश्यकता होती है |

Page No. 247

प्रश्न 6. अलग-अलग समूह के कुल उपभोग व्यय से हमें क्या पता चलता है? क्या यह महत्वपूर्ण संकेतक है?

उत्तर:- उपभोग व्यय को विकास मापने का एक महत्वपूर्ण संकेतक माना जाता है | क्योंकि इससे हमें इस बात की जानकारी मिलती है कि लोग अपनी आवश्यकताओं की वस्तुओं पर तथा अन्य सेवाओं पर कितना खर्च कर रहे हैं इससे हमें यह भी पता चलता है कि कौन सा समूह स्वयं में उपयोग के लिए कितना व्यय कर रहा है जो समूह अपने उपभोग पर जितना अधिक खर्च करेगा उसे आर्थिक रूप से उतने से अधिक समृद्ध माना जाएगा | इस उपभोग से ही हमें समाज में आय के वितरण का पता चल जाता है | अतः सामान्य निष्कर्ष यह है कि जिनकी आय अधिक है उनका उपभोग व्यय अधिक तथा जिनकी आय कम है उनका उपभोग व्यय कम है अतः विकास के मापक के रूप में यह महत्वपूर्ण संकेतक है |

Page No. 247

प्रश्न 7. महिलाओं की बेहतर शिक्षा के लिए और क्या-क्या उपाय करना चाहिए? अपने विचार लिखिए।

docs.aglasem.com

aglasem.com

उत्तर:- महिलाओं की बेहतर शिक्षा के लिए महिला शिक्षा को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए| विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा हेतु स्थानीय प्रशासन की संस्थाओं को हर छोटे-छोटे गांव में विद्यालय खोलने चाहिए | लड़कियों की शिक्षा को अनिवार्य कर देना चाहिए | ग्रामीण परिवारों को महिला शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए | नगरों में निजी शिक्षा संस्थानों पर भी सरकार को दबाव बनाना चाहिए कि वे लड़कियों को शुल्क में छूट दें | तथा सरकार द्वारा उन्हें विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ दिया जाना चाहिए |

Page No. 247

प्रश्न 8. तालिका 17.3 में हम मानकर चल रहे हैं कि इस दौरान वस्तु और सेवा के मूल्यों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। चर्चा करें।

उत्तर:-

वर्ष	समूह की औसत आय (रुपए में)						
	A	B	C	D	E	कुल आय	प्रति व्यक्ति आय (औसत आय)
2010	2000	4000	5000	6000	3000	20,000	4000
2012	2000	8000	6000	6000	8000	30,000	6000

तालिका के अवलोकन से स्पष्ट है वर्ष 2010 की तुलना में वर्ष 2012 की औसत आय में वृद्धि हुई है | अर्थात इस समूह से विकास दिखाई दे रहा है | परंतु सभी लोगों की आय में वृद्धि नहीं हुई है | यहां तक कुछ लोगों की आय में कोई परिवर्तन नहीं हुआ | A और B, C और E की आय में वृद्धि हुई है दूसरी ओर A और D की आय स्थिर है | इस प्रकार सभी समूहों की कुल आय में 50% की वृद्धि हुई है |इस कारण प्रति व्यक्ति औसत आय 4000 से 6000 ही हुई है |

Page No. 247

प्रश्न 9. औसत आय से आय के वितरण की असमानताएँ छिप जाती हैं? समझाएं।

उत्तर:- औसत आय में संपूर्ण समूह की आय को जोड़कर औसत आय ज्ञात किया जाता है| किंतु व्यक्तिगत आय की भिन्नता इसमें छिप जाती है | कुछ वर्ग की आय बढ़ती है तो कुछ वर्ग की आय स्थिर रहती है | किंतु जब दोनों का औसत निकालते हैं तो ऐसा लगता है कि आय में वृद्धि हुई है| इस प्रकार हम कह सकते हैं कि औसत आय से आय के वितरण की असमानताएँ छिप जाती है|

Page No. 247

प्रश्न 10. ऐसे उदाहरण सोचिए जहाँ वस्तुएँ और सेवाएँ व्यक्तिगत स्तर की अपेक्षा सामूहिक स्तर पर उपलब्ध कराना अधिक सस्ता और कारगर होगा।

उत्तर:- हमारे समाज में ऐसे बहुत से उदाहरण मिल जाएंगे जहां वस्तुएं और सेवा व्यक्तिगत स्तर के स्थान पर सामूहिक स्तर पर उपलब्ध कराना अधिक सस्ता तथा कारगर होगा. उदाहरण के

docs.aglasem.com

aglasem.com

लिए अगर हमें व्यक्तिगत रूप से अपना अलग देशों में तेल आयात करना हो तो वह काफी महंगा होगा परंतु सामूहिक रूप से सरकार द्वारा आयात उपलब्ध कराने से काफी सस्ता पड़ता है | इस प्रकार यदि कोई अपने व्यक्तिगत जनरेटर से अपने लिए बिजली का उत्पादन करता है तो वह काफी महंगा पड़ता है परंतु सरकार द्वारा बिजली वितरित करने पर वह काफी सस्ता पड़ता है |

Page No. 247

प्रश्न 11. इस पाठ में दिए गए संकेतों के अतिरिक्त विकास के लिए और क्या संकेतक हो सकते हैं?

उत्तर:- इस पाठ में दिए गए संकेतों के अतिरिक्त विकास के लिए निम्न संकेत हो सकते हैं:-

1) पौष्टिक भोजन उपलब्धता :- पौष्टिक भोजन की उपलब्धता भी विकास का महत्वपूर्ण मापक है | इसके अभाव में बच्चों, महिलाओं व पुरुषों का उचित विकास नहीं हो सकता |

2) शुद्ध पेयजल की उपलब्धता :- हमारे देश में आधे से अधिक लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं है जब तक हम नया लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते हम विकसित नहीं हो सकते |

3) सभी के लिए आवास :- आवास भी विकास का प्रमुख मापक है |

Page No. 247

प्रश्न 12. निम्नलिखित विचारों पर चर्चा करें-

1. शिशु मृत्य दर
2. बीमारी पर किया गया व्यय
3. स्वच्छ पेयजल प्राप्त करने वाले परिवारों का प्रतिशत
4. वर्ष भर में छह महीने से कम रोजगार प्राप्त करने वाले लोगों का प्रतिशत

उत्तर:-1. शिशु मृत्य दर :- शिशु मृत्यु का अर्थ है कि किसी क्षेत्र में 1000 व्यक्तियों के पीछे 0 से 1 वर्ष की आयु के कितने शिशुओं की मृत्यु हुई है | अगर आपके क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी है तो शिशु मृत्यु दर निश्चित रूप से कम या ना के बराबर होगी |

2. बीमारी पर किया गया व्यय :- अगर किसी व्यक्ति को कोई बीमारी हो गई है तो उस बीमारी को दूर करने के लिए कुछ पैसा खर्च किया जाता है | तो बीमारी पर खर्च किया गया व्यय कहते हैं | यह व्यय उस व्यक्ति की आय में से निकलता है जिस कारण उसकी आय कम हो जाती है |

3. स्वच्छ पेयजल प्राप्त करने वाले परिवारों का प्रतिशत :- इसका अर्थ है कि देश के कितने परिवारों के पास स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध है | हमारे देश भारत में आज भी लगभग 20 से 30 प्रतिशत जनसंख्या ऐसी है जिसके पास पीने के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है |

4. वर्ष भर में छह महीने से कम रोजगार प्राप्त करने वाले लोगों का प्रतिशत :- इसका अर्थ है कि 1 वर्ष में कितने लोगों को कम से कम 6 महीने के लिए रोजगार प्राप्त होता है | भारत में यह प्रतिशत लगभग 60 प्रतिशत के करीब है |

Page No. 247

प्रश्न 13. यदि आपको अपने स्कूल के विकास के लिए संकेतक बनाने हों (परीक्षाफल के

docs.aglasem.com
aglasem.com

अतिरिक्त) तो उसमें आप क्या-क्या रखना चाहेंगे। अपने विचार लिखिए।

उत्तर:- परीक्षाफल के अतिरिक्त निम्नलिखित संकेतक बनाना चाहेंगे :-

1. खेल -कूद में बच्चों की भागीदारी
2. सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी
3. बच्चों की विद्यालय में कुल उपस्थिति
4. पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य प्रतियोगिताओं में बच्चों की भागीदारी | जैसे, सामान्य ज्ञान, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, आदि |

aglasem

docs.aglasem.com

aglasem.com